देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 275 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...समय बीतने के साथ



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 12 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 10.0°

40412.57

2 सईद के खिलाफ कोर्ट में आरोप तय

7 पृथ्वी साव ने जड़ा ताबड़तोड़ दोहरा शतक

## गंगा एवं सहायक नदियों की स्वच्छता का रखे विशेष ध्यान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को सचिवालय में कानपुर में प्रस्तावित प्रथम नेशनल गंगा काउंसिल की बैठक से संबंधित राज्य से जुड़े विषयों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की।

नालों के टेपिंग की समुचित व्यवस्था की जाय। गंगा के किनारे वृक्षारोपण के लिए औषधीय वृक्षों को प्राथमिकता दी जाय। गंगा के किनारे अतिक्रमण वाले स्थानों को चिन्हित किया जाय। जगजीतपुर, सराय एवं ऋषिकेश में एस.टी.पी से कितनी हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, इसका पूरा आकलन किया

◆नेशनल गंगा काउंसिल की बैठक से राज्य से जुड़े विषयों पर की चर्चा

जाय। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि नमामि गंगे के तहत 21 में से 10 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 11 गतिमान हैं। 34 एस.टी.पी में से 21 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 13 पर कार्य गतिमान है। जगजीनपुर, सराय एवं ऋषिकेश के एस.टी.पी से 1017 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। गंगा के किनारे बसे 15 नगरों से प्रतिदिन औसतन 371 मीट्रिक टन कूड़ा उठाया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव



कार्यों में तेजी लाई जाए: सीएम

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में नमामि गंगे के तहत संचालित अवशेष कार्यों में तेजी लाई जाए। गंगा एवं उसकी सहायक नदियों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय। कार्यों में तेजी लाई जाए।

उत्पल कुमार सिंह, सचिव डॉ. भूपेन्द्र कौर औलख, अरविन्द सिंह ह्यांकी, अपर सचिव उदयराज सिंह, आलोक शेखर तिवारी, विनोद कुमार सुमन एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत की दूसरी खुफिया आंख

## इसरो ने लॉन्च किया आरआइएसएटी–2बीआर 1 सेटेलाइट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बुधवार को देश के एक नए जासूसी उपग्रह आरआइएसएटी–2बीआर 1 और नौ विदेशी उपग्रहों को लॉन्च कर दिया। इसरो का रॉकेट पीएसएलवी सी48 ने अपराह्न 3:25 बजे आरआइएसएटी–2बीआर1 के साथ उड़ान भरी। आआइएसएटी 2बीआर1 एक रडार इमेजिंग निगरानी उपग्रह है। इस उपग्रह का भार 628 किलोग्राम है। विदेशी उपग्रहों में अमेरिका की छह, इजराइल की एक, इटली की एक और जापान की एक सेटेलाइट है। सभी उपग्रहों को सफलतापूर्वक उनकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। इसकी लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा रॉकेट पोर्ट के लांचिंग सेंटर से हुई।

आरआइएसएटी–2बीआर1 को 576 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इस उपग्रह की उम्र पांच साल होगी।



इसके साथ नौ विदेशी उपग्रहों में अमेरिका का, टेक्नोलॉजी डिमॉस्ट्रेशन टायवाक–0129, अर्थ इमेजिंग 1हॉपसैट, इजरायल का आदि भी शामिल हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो यह उपग्रह भारतीय सीमाओं की सुरक्षा के लिहाज से बेहद खास है। इसे भारत की दूसरी खुफिया आंख कहा जा रहा है। रीसैट–2बीआर1 सेटेलाइट के पृथ्वी की कक्षा में स्थापित होने के बाद भारत की राडार इमेजिंग ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। इसकी मदद से भारतीय सीमाओं की निगरानी और उनकी सुरक्षा को अभेद्य बनाने की प्लानिंग आसान हो जाएगी।

**सफलता**

■सैटलाइट के साथ–साथ नौ और सैटलाइट भेजे गए है

### सिवन बोले- मील का पत्थर साबित होगी यह सफलता

यह उपग्रह करीब सौ किलोमीटर के दायरे की तस्वीरें लेकर भेजेगा। इसको खासतौर पर सीमा पार से होने वाली घुसपैठ रोकने के लिए तैयार किया गया है। इससे सीमा पार हो रहे आतंकी जमावड़े की भी जानकारी मिल सकेगी। पीएसएलवी सीरीज के रॉकेट से होने वाली यह 50वीं लॉन्चिंग है। इस मौके पर इसरो के चेयरमैन के. सिवन ने कहा कि यह सफलता इसरो के सफर में मील का पत्थर साबित होगी। यह उपग्रह किसी भी मौसम में बेहद साफ तस्वीरें ले सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 कांग्रेस का हल्ला बोल, तैयारियां जोरों पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देहरादून। देश में मंदी, घटते रोजगार, गिरती हुई जीडीपी, पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतें, प्याज की आसमान छूती कीमतें और कमर तोड़ महंगाई के अलावा महिलाओं पर हो रही हिंसक वारदातों के खिलाफ कांग्रेस ने भारत बचाओ रैली करने जा रही है। ऐसे 14 दिसंबर को देश की राजधानी में होने जा रही भारत बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस उपाध्यक्ष सूयकान्त धस्माना ने पार्टी मुख्यालय में बैठक की।

### राम मंदिर पर निर्मोही अखाड़े का पुनर्विचार याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अयोध्या के रामजन्मभूमि केस में मुस्लिम पक्ष के बाद अब निर्मोही अखाड़े ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। निर्मोही अखाड़े ने रिव्यू पिटिशन जमीन के फैसले को लेकर नहीं डाली है बल्कि शैबियत राइट्स, कब्जे और लिमिटेशन के बारे में फैसले पर सवाल उठाए हैं। निर्मोही अखाड़े के प्रवक्ता कार्तिक चोपड़ा ने यह जानकारी दी है। निर्मोही अखाड़े ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर के ट्रस्ट में भूमिका तय करने की मांग की है।

## तीर्थ पुरोहितों को मिला अखाड़ा परिषद का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। चार धाम देवस्थानम प्रबंधन विधेयक, 2019 पारित किए जाने का देवभूमि तीर्थ पुरोहित और हक–हकूकधारी महापंचायत ने तीव्र विरोध किया है। देहरादून में महापंचायत की बैठक में सरकार के इस निर्णय पर आक्रोश जताते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सरकार के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया गया। महापंचायत के एक

कोर कमेटी जल्द ही नैनीताल हाईकोर्ट में दायर करेगी केस

प्रतिनिधिमंडल अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष निरंजन आनंद गिरी महाराज से भी मिला। जिन्होंने इस मुद्दे पर साथ देने का वादा किया है।

विधेयक पारित होते ही देवभूमि तीर्थ पुरोहित, हक–हकूकधारी महापंचायत के अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल की अध्यक्षता में एक आपात बैठक की गई।

### नागरिकता बिल पर असम में तेज हुआ प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुवाहाटी। सीएबी पर संसद में सियासी संग्राम के बीच असम में इस बिल का जबरदस्त विरोध हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान राज्य सचिवालय के पास छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शन को बढ़ता देख डिब्रूगढ़ में सेना बुला ली गई है। इस बीच कई ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया गया है, या फिर उनके रास्ते बदल दिए गए हैं। कई ट्रेनों के टाइम–टेबल में भी बदलाव किया गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुभानन चंदा ने एक बयान में कहा कि कम से कम 14 ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया गया है या गंतव्य स्थान से पहले ही रोक दिया गया है या फिर ट्रेन परिचालन में बाधा को देखते हुए उनके रास्ते बदल दिए गए हैं।

# राज्यसभा से भी पास नागरिकता संशोधन बिल

## बिल के पक्ष में पड़े 125 वोट, विपक्ष में 105

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन विधेयक को राज्यसभा से भी मंजूरी मिल गई है। उच्च सदन में इस बिल के पक्ष में 125 वोट पड़े, जबकि 105 सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। बिल पर वोटिंग से पहले इसे सेलेक्ट कमिटी को भेजने के लिए भी मतदान हुआ, लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया। सेलेक्ट कमिटी में भेजने के पक्ष में महज 99 वोट ही पड़े, जबकि 124 सांसदों ने इसके खिलाफ वोट दिया। इसके अलावा संशोधन के 14 प्रस्तावों को भी सदन ने बहुमत से नामंजूर कर दिया। अब राष्ट्रपति के

सेलेक्ट कमिटी को भेजने के लिए भी मतदान हुआ, लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया

हस्ताक्षर के बाद यह बिल ऐक्ट में तब्दील हो जाएगा। इस बिल को सोमवार रात को लोकसभा से मंजूरी मिली थी।

**धर्म के आधार पर न बंटता देश तो न आता बिल:** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यदि देश का धार्मिक आधार पर बंटवारा न होता तो यह बिल न लाना पड़ता। अमित शाह ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि आखिर जिन लोगों ने शरणार्थियों को जख्म दिए हैं, वही अब जख्मों का हाल पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा, श्यदि कोई सरकार पहले ही इस समस्या का समाधान निकाल लेती तब भी यह बिल न लाना पड़ता।

**शिवसेना, बीएसपी ने किया सदन से वॉकआउट:** दिलचस्प बात यह रही कि लोकसभा में बिल का समर्थन करने वाली शिवसेना के तीन सांसदनों ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया।

नागरिकता संशोधन बिल पास होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि यह भारत के इतिहास में काला दिन है।

### विपक्ष ने भेदभाव करने वाला बिल बताया

विपक्ष ने इसे अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करने वाला बताया। विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद ने पूछा कि इस बिल में केवल तीन देशों का और सिलेक्टिव धर्मों का ही चुनाव क्यों किया गया है। आजाद ने कहा कि भूटान, श्री लंका और म्यांमार में भी हिंदू रहते हैं और अफगानिस्तान के मुसलमानों के साथ भी अन्याय हुआ लेकिन उनको विधेयक के प्रावधान में शामिल नहीं किया गया है।

## कैग की रिपोर्ट का किया जा रहा अध्ययन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि भारत के कैग की रिपोर्ट का उनके द्वारा गहन अध्ययन किया जा रहा है, यदि इस रिपोर्ट में अनियमितताएँ सामने आई या जानबूझकर इसमें गड़बड़ी पाई गयी तो इसके लिए जिम्मेदार किसी भी बड़े से बड़े अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने

अनियमितता करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा

कहा कि इस संबंध में अनियमितता करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

बुधवार को सचिवालय में मीडिया प्रतिनिधियों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए लोकसभा द्वारा नागरिकता बिल को मंजूरी दिए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह को इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जिस तरह के सुधारात्मक कदम अपने इस कार्यकाल में उठाए गये हैं वे बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चाहे देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा विषय हो अथवा हमारे पड़ोसी देश में रहने वाले लोगों को प्रताड़ित करने का मामला हो इस संबंध में उठाया गया यह कदम सराहनीय है।

